महाराजा छत्रसाल बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय छतरपुर (म.प्र)
Maharaja Chhatrsal Bundelkhand University,Chhatarpur
(State University,Government Of M.P.)
Maharaja College Campus, Panna Road
District Chhatarpur,PIN-471001,Madhya Pradesh,India

आज़ादी का अमृत महोत्सव

क्रमांक/ 4758 /नामांकन/2024 छतरपुर,दिनांक 21/10/2024

# अधिसूचना

## नामांकन-एनसीटीई पाठयक्रम/ स्नातकोत्तर स्वाध्यायी पाठ्यक्रम

महाराजा छत्रसाल बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय,छतरपुर से सम्बद्ध समस्त शासकीय/अशासकीय महाविद्यालयों के सत्र 2024-25 हेतु। एनसीटीई पाठयक्रमों बी.ए.बीएड,बी.एस.सी.बी.एड.,बी.एड.,बी.एड. अंशकालीन,एम.एड.-बी.एल.एड.,बी.पी.एड. में प्रवेशित एवं स्वाध्यायी स्नातकोत्तर सेमेस्टर दिसम्बर 2024 के समस्त छात्र/छात्राओं के ऑनलाइन नामांकन फार्म विश्वविद्यालय एम.पी. ऑनलाईन पोर्टल https://mcbu.mponline.gov.in से भरने की तिथियां निम्नानुसार घोषित की जाती हैं-

| क्र. | विवरण | निर्धारित तिथियां |
|---|---|---|
| 1 | नामांकन हेतु सामान्य शुल्क रूपये 200/- प्रति छात्र एवं मध्यप्रदेश के बाहर स्थित बोर्ड /विश्वविद्यालय से परीक्षा उर्त्तीण कर आने वाले छात्रों हेतु नामांकन शुल्क 200/- अप्रवासन (इमीग्रेशन) शुल्क 500/-कुल 700/- रूपये प्रति छात्र के साथ ऑनलाईन नामांकन फार्म भरने की तिथि- | 21.10.2024 से 04.11.2024 तक |
| 2 | बिलंब शुल्क रूपये 150/- के साथ | 05.11.2024 से 08.11.2024 तक |

**आवेदन पत्र की हार्ड कॉपी के साथ संलग्न किये जाने वाले अभिलेखों की सूची :-**

अर्हकारी उत्तीर्ण परीक्षा अंकसूची की सत्यापित छायाप्रति।

01. जन्म तिथि सत्यापन हेतु हाईस्कूल परीक्षा की सत्यापित अंकसूची।
02. मूल माइग्रेशन/प्रवजन प्रमाण पत्र।
03. छात्र का स्थाई निवास प्रमाण पत्र/जाति प्रमाण पत्र की सत्यापित छायाप्रति।
04. विदेशी छात्र है अथवा म.प्र. राज्य के बाहर के विश्वविद्यालय /बोर्ड का छात्र है, तो म.छ.बु. वि.वि. छतरपुर द्वारा जारी किया गया पात्रता प्रमाण पत्र।
05. ऑनलाइन सीट आवंटन पत्र की छायाप्रति।

आवेदन पत्र के साथ वांछित प्रमाण पत्र /अभिलेख संलग्न करना अनिवार्य है, अपूर्ण आवेदन पत्र स्वीकार नहीं होगा । छात्र ऑन लाइन आवेदन पत्र की हार्डकॉपी अपने अध्ययनरत महाविद्यालय में जमा करें।

**महाविद्यालयों को ऑनलाइन नामांकन फार्म के संबंध में आवश्यक निर्देश :-**

06. प्राचार्य अपने महाविद्यालय में प्रवेशित समस्त छात्रों का नामांकन कराना सुनिश्चित करें।
07. महाविद्यालयों को एम.पी. ऑनलाइन लॉगिन हेतु जीटूजी आई.डी. पासवर्ड पूर्व में प्रदान किया जा चुका है। जिन महाविद्यालयों को जीटूजी आई.डी. पासवर्ड प्राप्त नहीं हुआ है वह विश्वविद्यालय के दूरभाष नं. 07682-244442 से संपर्क करें। ऐसे विद्यार्थी जो विश्वविद्यालय में पूर्व से नामांकित है एवं उन्होनें विश्वविद्यालय से माईग्रेशन प्राप्त नहीं किया है उन छात्र/छात्राओं को भी ALREADY ENROLLMENT से ऑनलाइन नामांकन फार्म भरकर अपना नामांकन अपडेट करना होगा। जिसके लिए उनको नामांकन शुल्क देय नहीं होगा।
08. ऑनलाइन नामांकन फार्म एप्रूव करने से पहले महाविद्यालय यह जांच लें कि संबंधित छात्र-छात्रा द्वारा अपने माता-पिता का नाम,धर्म,जाति,लिंग,जन्मतिथि,मो.नं.,विषय,पूरा पता,फोटो,हस्ताक्षर,माईग्रेशन/प्रवजन प्रमाण पत्र एवं माध्यम (हिन्दी/अंग्रेजी) आदि का सही अंकन किया है अथवा नहीं। अन्य कोई बिन्दु जो महाविद्यालय के संज्ञान में हो । उच्च शिक्षा विभाग म.प्र. शासन सत्र 2024-25 प्रवेश नियमानुसार नामांकन/प्रवेश हेतु पात्रता का परीक्षण एवं छात्र द्वारा ऑनलाइन आवेदन में की गई प्रविष्टियों के सत्यापन का समस्त उत्तरदायित्व व जिम्मेदारी महाविद्यालय प्राचार्य की होगी । भली भांति परीक्षण उपरांत पात्रता सुनिश्चित होने पर ही ऑन लाइन आवेदन फारवर्ड करें। समस्त वांछित अभिलेखों, मूल माइग्रेशन प्रमाण पत्र सहित छात्रो के ऑनलाइन आवेदन पत्र की हार्डकॉपी संबंधित महाविद्यालय में सुरक्षित संधारित की जावे तथा विश्वविद्यालय द्वारा चाहे जाने पर उपलब्ध करायी जावे।

09. समस्त महाविद्यालयों को विश्वविद्यालय के एम.पी. ऑनलाइन पोर्टल https://www.mcbu.mponline.gov.in पर जीटूजी लॉगिन कर ऑनलाइन प्राप्त नामांकन फार्म को निर्धारित तिथि तक एप्रूव करना होगा। फार्म एप्रूव न होने की स्थिति में विद्यार्थियों का नामांकन नं. जारी नहीं किया जायेगा।

10. महाविद्यालय छात्र/छात्राओं के नामांकन एप्रूव करने से पहले यह सुनिश्चित कर लें कि छात्र द्वारा जिसमें प्रवेश किया हैं उसी हेतु नामांकन आवेदन किया गया हैं। विषय/ग्रुप संबंधी त्रुटि समस्त जिम्मेदारी संबंधित महाविद्यालय की होगी।

11. महाविद्यालय समस्त छात्रों के आवेदन पत्र ऑन लाइन एप्रूव कर पाठ्यक्रम/विषयवार सत्यापित सूची, निर्धारित तिथि 08.11.2024 तक अनिवार्यत: तक विश्वविद्यालय की नामांकन शाखा में जमा करेंगें। सूची प्राप्त न होने पर नामांकन जारी नही किये जावेगे जिसकी संपूर्ण जिम्मेदारी संबंधित महाविद्यालय प्राचार्य की होगी।

12. किसी भी प्रकार की तकनीकी समस्या के लिए विश्वविद्यालय के दूरभाष नं. 07682-244442 एवं मोबाइल नं. 9753182719 एवं एम.पी. ऑनलाइन के हेल्पलाइन नं. 0755-4019400 पर संपर्क करें,साथ ही e-mail-mcbuexamination@gmail.com पर नाम,दूरभाष व समस्या विवरण का लेख करते हुए ई-मेल प्रेषित करें।

कुलसचिव
महाराजा छत्रसाल बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय
छतरपुर म.प्र.

क्रमांक/ 4749 /नामांकन/2024 छतरपुर,दिनांक :21/10/2024

प्रतिलिपि :-

- आयुक्त महोदय,उच्च शिक्षा विभाग,मध्यप्रदेश शासन,सतपुड़ा भवन,भोपाल।
- क्षेत्रीय अतिरिक्त संचालक, उच्चशिक्षा, सागर संभाग, सागर की ओर सूचनार्थ।
- प्राचार्य, समस्त सम्बद्ध शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय, महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड वि.वि., छतरपुर
- मुख्य कार्यपालन अधिकारी,एम.पी. ऑनलाइन लिमिटेड,तृतीय तल,स्टेट आई.टी. पार्क अब्बास नगर नियर आरजीपीवी,गांधी नगर भोपाल 462033 की ओर आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।
- परीक्षा नियंत्रक, महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, छतरपुर
- मान. कुलगुरू के निज सचिव, महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, छतरपुर
- कुलसचिव के निज सहायक, महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, छतरपुर
- सहायक कुलसचिव परीक्षा / गोपनीय, महाराजा छत्रसाल बु. विश्वविद्यालय, छतरपुर
- संपादक दैनिक समाचार पत्रों की ओर भेजकर निवेदन है कि उक्त अधिसूचना को अपने लोकप्रिय समाचार पत्र में छात्रहित में समाचार वृत्त के रूप में नि:शुल्क प्रकाशित करने का कष्ट करें।
- वेवसाइट प्रभारी- विश्वविद्यालय की वेवसाइट पर अपलोड करने हेतु।

18/10/24
सहायक कुलसचिव
महाराजा छत्रसाल बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय
छतरपुर म.प्र.

18.10.24
परीक्षा नियंत्रक
महाराजा छत्रसाल बुंदेलखण्ड विश्वविद्यालय
छतरपुर म.प्र.